योग	1377	224269

Scanned with CamScanner

राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

अनुसूची 'एल'

31.3.2011 को वर्ष समाप्ति पर तुलन-पत्र व लाभ-हानि खाते पर टिप्पणियाँ

लेखा एवं महत्वपूर्ण लेखा नीतियों पर टिप्पणियाँ

ए. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ :

1. **वित्तीय विवरणों को तैयार करने का आधार**

   (i) वित्तीय विवरण अर्जित आधार और एतिहासिक लागत की परम्परा और भारत में मान्य सामान्य लेखा-सिद्धांतों, कम्पनी अधिनियम 1956 के प्रावधानों, लिकर सोर्सिंग पॉलिसी (LSP) और इन्सटीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स ऑफ इण्डिया (ICAI) के लेखांकन स्तरों की अनिवार्यता, सिवाय जहाँ कहीं अन्यथा कहा गया हो, के अनुसार तैयार किये गए हैं।

2. **लेखांकन पद्धतिः**

   (i) **आय स्वीकृति :**

   (a) **बिक्री :** बिक्री बीजक एवं माल की रवानगी राज्य के विभिन्न डिपो से सोफ्टवेयर के माध्यम से की जाती है। तत्पश्चात बिक्री की रिपोर्ट के आधार पर, जो उपरोक्त प्रकार जनित है, अकाउण्टिंग सॉफ्टवेयर में प्रत्येक डिपो के लिए एक मासिक प्रविष्टि बुक कर ली जाती है। एक डिपो से दूसरे डिपो में स्थानान्तरण एवं लागू होने योग्य वैट (VAT) को बिक्री नहीं माना जाता है।

   (b) **स्थाई जमा पर ब्याजः** बैंक में स्थाई जमाओं से प्राप्त होने वाले ब्याज की अर्जित पद्धति से गणना की जाती है।

   (c) **विविध प्राप्तियाँ, डेमरेज और ड्रेन अथवा लौटाए गए माल पर मार्जिनः** माल की आपूर्ति का आर्डर (OFS) विस्तार, बाहरी आदेश स्थानान्तरण (Too), देरी से प्राप्ति पर प्रभार (LIC) डेमरेज और ड्रेन अथवा लौटाए गए माल पर मार्जिन लिकर सोर्सिंग पॉलिसी व करार, जो आपूर्तिकर्त्ताओं / उत्पादकों द्वारा अर्जित पर निष्पादित किये जाते हैं, को लेखांकित / प्राप्ति / वसूली में दिखाए जाते हैं।

   (ii) **स्टॉक :** स्टॉक की राशि लागत अथवा वैट राशि घटा कर वसूली योग्य कीमत, इनमें से जो कम हो, पर आँकी जाती है। स्टॉक का मूल्य 'पहले आवे-पहले जावे' (FIFO) तरीके के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

3. **लेखांकन नीति में परिवर्तन :** वर्ष 2009-10 के दौरान क्रय व स्टॉक के लेखांकन की नीति में परिवर्तन किया गया है। वर्ष 2008-09 तक क्रय को सम्बंधित वास्तविक बिक्री के आधार पर दर्शाया जाता था तथा स्टॉक हस्ते लेखा पुस्तकों में नहीं लिखे जाते थे। वर्ष 2009-10 से क्रय को, जब माल प्राप्त कर लिया जाता है, तब दर्शाया जाता है तथा स्टॉक हस्ते कीमत का भी लेखांकन कर लिया जाता है, वर्ष 2010-11 में भी यही पद्धति अपनाई गई ।

4. **स्थाई सम्पत्तियाँ एवं ह्रास :**

   (a) **स्थाई सम्पत्तियाँ :-** स्थाई सम्पत्तियों का सकल ब्लॉक का मूल्य, अभिग्रहण की कीमत व सम्पत्तियों के वास्तविक उपयोग की स्थिति लाने तक के अन्य खर्चों सहित, पर बताया जाता है। इस प्रकार शुद्ध ब्लाक का मूल्य, सकल ब्लॉक के मूल्य में से संचित ह्रासकी राशि घटाने के बाद शेष राशि पर दिखाया जाता है।

   (b) **ह्रास :-** स्थाई सम्पत्तियों पर ह्रास की गणना कम्पनी अधिनियम 1956 की अनुसूची 14 में दी गई दरों पर घटते हुए बैलेंस पद्धति (W.D.V. Method) के अनुसार की जाती है। अतिरिक्त खरीदी गई सम्पत्तियों पर ह्रास इनकी खरीद की तिथि से गणना करते हुए लगाया जाता है। जिन सम्पत्तियों का वास्तविक मूल्य रु. 5000/- से अधिक नहीं होता है, उन पर 100% ह्रास क्रय किये गए वर्ष में ही लगा दिया जाता है।

Scanned with CamScanner

5. **कार्मिक :**

कार्पोरेशन में कार्मिक राज्य सरकार / राज्य सरकार के उपक्रमों से प्रतिनियुक्ति पर लिये जाते हैं। इन कार्मिकों से सम्बन्धित पेंशन अंशदान, भविष्य-निधि, ग्रेच्यूटी, राज्य बीमा अंशदान व अन्य अंशदान का भुगतान निगम ने सम्बन्धित विभागों व उनके पैतृक संगठन को किया है।

6. **सेवा निवृति लाभ :**

निगम की नीति के अनुसार सभी कार्मिक प्रतिनियुक्ति पर हैं और जिन्हें निगम द्वारा नियोजित नहीं किया गया है, उनके सेवानिवृति से सम्बन्धित कोई दायित्व निगम के नहीं होंगे। किन्तु राज्य सरकार के प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों का निर्धारित पेंशन अंशदान राज्य सरकार के निर्देशानुसार निदेशक पेंशन को भेजा जाता है।

7. **कराधान :**

(a) आय कर अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों को, यदि कोई हों, ध्यान मे रखते हुए ही चालू कर-देय राशि का प्रावधान किया जाता है।

(b) आस्थगित कराधान : कर दरें और कानूनों का उपयोग करते हुए व आय-कर लाभों के समय के अंतरों (Timing differences) के कारण आस्थगित कर तुलन-पत्र की तिथि को अधिनियमित अथवा मूलरूप से अधिनियमित किये गए हैं। आस्थगित कर सम्पत्ति का निधरिण तभी किया जाता है जब उसकी वसूली की समुचित निश्चितता हो।

8. **आस्थगित राजस्व व्यय :**

भवन नवीनीकरण व्यय आस्थगित राजस्व व्यय स्वीकार किये तथा इसके होने के वर्ष के साथ पाँच वर्षों में समान रूप से अपलिखित किये जाने हैं।

9. **प्रावधान, आकस्मिक देयताएं व आकस्मिक परिसम्पत्तियाँ :**

(a) कम्पनी द्वारा वर्तमान प्रावधानों को जब ही मान्यता दी जाती है जब कि गत तय निपटानों के फलस्वरूप यह सम्भावना हो कि निपटान करने हेतु संसाधनों के निकास की आवश्यकता होगी तथा बाध्यता राशि के लिए एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता हो।

(b) आकस्मिक देयताओं को मान्यता नहीं दी जाती है, परन्तु उन्हें लेखा की टिप्पणियों में दिखाया जाता है। आय-कर व बिक्री / वैट कर आदि की विवादास्पद माँगों को आकस्मिक देयताऐं दिखाई जाती हैं। इन माँगों के भुगतान, यदि कोई हों, एडवांस के रूप में दिखाया जाता है जब तक कि इस विषय पर अंतिम निर्णय नहीं ले लिया गया हो।

(c) आकस्मिक परिसम्पत्तियों को न तो मान्यता दी जाती है और न ही इन्हें वित्तीय विवरणों में दिखाया जाता है।

Scanned with CamScanner

राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

लेखा पर टिप्पणियाँ

1. **कार्य विधि :**
राजस्थान स्टेट बेवेरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RSBCL) की स्थापना एक पब्लिक लिमिटेड कम्पनी के रूप में राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान राज्य में शराब की बिक्री पर नियंत्रण रखने हेतु की गई थी। यह निगम राजस्थान राज्य में राजस्थान एक्साइज एक्ट के प्रावधानों के अनुसार विशेष सुविधा का उपयोग करता है, जिसके अंतर्गत निगम को राजस्थान राज्य में शराब के थोक व्यापार का एक मात्र विशेष अधिकार है। इस कार्य हेतु एक्साइज एक्ट के अनुसार इसे राजस्थान सरकार को 'प्रिविलेज फीस' का भी भुगतान करना पड़ता है। निगम की कार्यविधि लिकर सोर्सिंग पॉलिसी (LSP) द्वारा वर्ष दर वर्ष बनाये जाने वाले नियमों से संचालित होती है। चालू वर्ष 2010-11 के लिए एल.एस.पी. की नीति परिपत्र सं. RSBCL/LSP/2010-11/7351 दिनांक 29.3.2010 में वर्णित है।

2. **शराब की प्राप्ति एवं विक्रय की विधि :**
उत्पादक/ आपूर्तिकर्ता सम्बन्धित स्थानों की माँग पर आधारित शराब की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव देते हैं। तत्पश्चात, उत्पादक / आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति हेतु एक आदेश (OFS) जारी किया जाता है। आपूर्ति आदेश के तहत निर्माताओं द्वारा प्रेषित माल निगम के गोदामों में रखा जाता है। इस स्टॉक का जोखिम और स्वामित्व निगम द्वारा आपूर्तिकर्ता पर ही डाला जाता है, फिर भी इस स्टॉक का बीमा निगम अपने खर्चे पर कराता है। उत्पादक/आपूर्तिकर्ता निगम को आपूर्ति किये गए माल की माँग पैदा करने की जिम्मेदारी लेते हैं। उत्पादक/आपूर्तिकर्त्ता को माल की आपूर्ति का भुगतान ऐसे स्टॉक की समाप्ति पर ही किया जाता है। एक निश्चित समय की समाप्ति पर बचे हुए माल पर डेमरेज की वसूली अथवा ड्रेन/लौटाए गए माल पर एल.एस.पी. दर पर वसूली की जाती है, जिसकी आय निगम के बहीखातों में दर्शाइ गई है।

3. **लेखांकन विधि :**
राज्य में विभिन्न स्थानों पर स्थित डिपो पर आपूर्ति-आदेश (OFS) के तहत माल प्राप्त किया जाता है, उसका लेखांकन सम्बन्धित डिपो के स्थानों पर रास्ते में होने वाली हानियों/कमियों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित साफ्टवेयर्स पर किया जाता है। निविष्टि (Imput) पर लागू होने वाला टैक्स क्रैडिट (राजस्थान वैट), यदि कोई हो, तो उसे ऐसी खरीद पर राजस्थान वैट एक्ट 2003 के नियमानुसार उपयोग कर लिया जाता है, और खरीद को, राजस्थान वैट को छोड़ते हुए, लाभ-हानि खाते में सम्मिलित कर लिया जाता है। माल लिकर सोर्सिंग पॉलिसी (LSP) के प्रस्तावित निर्देशों द्वारा वैट बीजकों के तहत बेचा जाता है, और जिसे राजस्थान वैट को छोड़ते हुए लाभ-हानि खाते में सम्मिलित किया जाता है। इस तरह, बिक्री और खरीद दोनों का लेखांकन कर लिया जाता है और वैट (VAT) को छोड़ते हुए लाभ-हानि खाते में सम्मिलित कर लिया जाता है, जिसके लिए राजस्थान वैट नियमों के अंतर्गत समायोजन की माँग की जाती है। बिक्री, खरीद व स्टॉक के पृथक पृथक रेकार्ड रखे जाते हैं, और सम्बन्धित गोदामों में लेखांकित किए जाते हैं, यद्यपि वित्तीय लेखांकन और रेकार्ड जयपुर के प्रधान कार्यालय पर रखे जाते हैं। वर्ष के अंत में स्टाक हस्ते का मूल्यांकन महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों की लेखांकन विधि के विन्दु सं. 2(ii) के अनुसार किया जाता है।

4. **लेखांकन विधि व लिकर सोर्सिंग पॉलिसी (LSP)**
लेखांकन विधि,माल का मालिकाना हक, आय व व्यय की मान्यता के नियम लिकर सोर्सिंग पॉलिसी (LSP) में वर्णित तरीकों से भिन्न हैं। विस्तृत विवरण निम्न प्रकार है : -

(ए) **क्रय** : गत वर्ष की लेखांकन पद्धति ही इस वर्ष अपनाई गई ।

(सी) **दि.31.3.2011 को स्टॉक हस्ते (रु. 1,13,27,12,686/-)**: गत वित्तीय वर्ष की भांति वर्ष के अंत में स्टॉक हस्ते रु 1,13,27,12,686/- को लेखों में लेखाकित किया गया है, और वित्तीय स्टेटमेंट तैयार करने में सम्मिलित भी किया गया है।

(डी) **डेमरेज चार्जेज (रु2,84,35,854/-)** : एल.एस.पी.के अनुसार डेमरेज निगम द्वारा वसूल किया गया क्योंकि फुटकर व्यापारियों को स्टॉक की बिक्री का भार आपूर्तिकर्ता/उत्पादक पर है न कि निगम पर। निगम की पुस्तकों मे यद्यपि क्रय का

Scanned with CamScanner

ऐसा स्टॉक है फिर भी माल को देर से छुड़ाने का व्यय प्राप्त किया जाता है। एल.एस.पी. के नियमानुसार देरी से माल छुड़ाने खर्चे के अंतर्गत आता है।

5. **आकस्मिक देयता की व्यवस्था नहीं की गई :**

(ए) पूँजी खाते पर निष्पादित करने हेतु अनुबन्धों की अनुमानित राशि रु.170.46 लाख है। (गत वर्ष रु.शून्य)

(बी) दावे स्वीकार नहीं किए गए और प्रावधान नहीं किया गया : एक संवेदक सुश्री अनु गुप्ता द्वारा माँगी गई रु. 8.92 लाख की दावा राशि का निर्णय माननीय उच्च न्यायालय,जयपुर के पास विचाराधीन है।

(सी) आयुक्त,केन्द्रीय आबकारी विभाग जयपुर-1 ने कारण बताओ नोटिस जारी कर सर्विस टैक्स कैटेगरी आन्जिल्यिरी सर्विसेज के अंतर्गत अगस्त 2007 तक के सकल मार्जिन पर रु. 5,21,25,843/- की माँग की है। इस आदेश के तहत निगम ने सर्विस टैक्स ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली के समक्ष अपील दायर की और उक्त मांग के लिए स्टे प्राप्त किया।
सकल मार्जिन पर सेवा-कर(ब्याज राशि को छोड़ते हुए) सितम्बर 2007 से मार्च 2009 तक रु. 5,67,90,707/- व वर्ष 2009-10 के रु.3,16,93,654/- तथा वित्तीय वर्ष 2010-11 के रु. 3,73,56,727/- का लेखों में कोई प्रावधान नहीं किया गया क्योंकि इसके लिए अभी तक विभाग द्वारा कोई माँग नही की गई।

(डी) राजस्थान सरकार के आबकारी विभाग जयपुर ने परमिट राशि के देरी से भुगतान पर ब्याज व वेन्ड शुल्क के वित्त वर्ष 2006-07(रु.31,79,533/-), वर्ष 2007-08 (रु. 32,89,550/-) वर्ष 2008-09 के लिए (रु.29,84,486/-) तथा वर्ष 2009-10 के लिए (रु. 2,81,08,101/-) के तहत रु.3,75,61,670/- की माँग की है। किन्तु निगम ने इस माँग को निरस्त करने हेतु वित्त विभाग, राजस्थान सरकार को प्रतिवेदन किया है, जिस पर निर्णय प्रतीक्षा में है।

(ई) आयकर

(i) कर निर्धारण वर्ष 2006-07:-प्रिविलेज फीस व्यय की राशि को पूँजीगत व्यय की प्रकृति का मानने हुए एवं इस व्यय को अस्वीकृत करते हुए आय कर विभाग ने कर-निर्धारण वर्ष 2006-07 के अंतर्गत रु.5,33,41,990/- की माँग की है। किन्तु आय कर आयुक्त (अपील)-II को दायर अपील पर इसका निर्णय निगम के पक्ष में हुआ और रु.5,33,41,990/- की राशि की माँग समाप्त कर दी। इस पर आय कर विभाग ने आई टी.ए.टी जयपुर बैंच 'बी' जयपुर के यहाँ इसकी अपील की। आई .टी..ए.टी. ने आय कर विभाग की इस अपील को खारिज कर दी और निगम के पक्ष में निर्णय किया। निगम ने रु.50.00 लाख सम्बन्धित वर्ष के लिए आयकर विभाग में जमा करा दिये है।

(ii) कर निर्धारण वर्ष 2007-08:-कर निर्धारण वर्ष 2007-08 में प्रिविलेज फीस को पूँजीगत व्यय की प्रकृति का मानते हुए व इसे अस्वीकृत करते हुए कर-निर्धारण आथोरिटी ने रु.6,70,20,550/- की माँग की किन्तु आयकर आयुक्त (अपील) को दायर अपील में प्रिविलेज फीस को राजस्व व्यय मानते हुए निगम के पक्ष में फैसला हुआ। निगम तथा आयकर विभाग दोनो ने अलग अलग आधारों पर आई.टी.ए.टी. जयपुर में अपील दायर की है। निगम ने सम्बन्धित वर्ष के लिए रु.25.00 लाख आयकर विभाग में जमा करा दिये है।

(iii) कर निर्धारण वर्ष 2008-09:- पुनः कर निर्धारण वर्ष 2008-09 में प्रिविलेज फीस को पूँजीगत व्यय की प्रकृति का मानने हुए व इसे अस्वीकृत करते हुए कर-निर्धारण आथोरिटी ने रु.9,19,86,159/- की माँग की है। निगम ने आयकर आयुक्त (अपील) को अपील की है। निगम ने सम्बन्धित वर्ष के लिए रु.25.00 लाख आयकर विभाग में जमा करा दिये है।

(iv) कर निर्धारण वर्ष 2006-07 में आयकर रिटर्न देरी से भरने के कारण आयकर विभाग ने रु.100000/- की जुमार्ना राशि लगाई है। आयकर आयुक्त (अपील) को अपील करने पर जुमार्ना राशि माफ कर दी है।

(एफ) तिलम संघ केआठ कार्मिक तथा राजस संघ, शिक्षा, स्पिनफैड, बुनकर संघ तथा पंचायत राज प्रत्येक से एक कार्मिक का वेतन स्थिरीकरण राजस्थान सिविल सेवा (वेतन नियम 2008) लेखा पुस्तको में उपलब्ध नही कराया गया है। सम्बन्धित विभाग ने इन्हे या तो नई वेतन श्रृंखला नही दी है या नया स्थिरीकरण इनके पैतृक विभाग द्वारा नही किया गया है।

(जी) लेखा पुस्तको में निम्न कोर्ट केसों के दायित्वों को लेखांकित नही किया गया है :-

Scanned with CamScanner

(i) रु.5.53 लाख	श्रीमति सरस्वती देवी ने अपने पति की मृत्यु के मुआवजे के लिए श्रम आयुक्त सवाई माधोपुर के समक्ष निगम के विरुद्ध वाद दायर किया है।
(ii) रु.4.37 लाख	अपनी बकाया राशि निगम से लेने हेतु मैसर्स राहुल बटाला (खुदरा विक्रेता)ने अतिरिक्त सिविल जज,कोटा के समक्ष निगम के विरुद्ध वाद दायर किया है।
(iii) रु.1.02 लाख +12% ब्याज	सवाई माधोपुर डिपो के गोदाम किराये के लिए किया गया दावा जिला जज सवाईमाधोपुर द्वारा श्रीमति मुन्नी देवी के पक्ष में सुनाया गया । निगम ने इसकी अपील राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर बैंच में दायर की है।

6. (अ) कुडी डिपो, जोधपुर में शराब की मात्रा कम की सूचना प्राप्त हुई जिसकी राशि रु.45516/- है। इस सम्बन्ध में जाँच जारी है जाँच रिर्पोट प्राप्त होने पर लेखा पुस्तकों में लेखांकित की जाएगी।
(ब) वर्ष 2006-07 में सीकर रोड डिपो में रु. 52.86 लाख के सामान की कमी की सूचना प्राप्त हुई थी। प्रभावी वसुली के पश्चात वर्तमान बकाया रु.48.23 लाख है जिसकी एफ.आई.आर. सम्बन्धित व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कराई गई है। पुलिस द्वारा आई.पी.सी.की दफा 409 के अर्न्तगत चोमूं कोर्ट में चालान पेश किया है। मामला अभी भी अनिर्णित है।
(स) बांसवाडा डिपो में 28.01.11 को रु.1.04 लाख के माल चोरी की सूचना प्राप्त हुई थी । पुलिस में मामले की प्राथमिकी रिर्पोट दर्ज करा दी गई है तथा मामले की जाँच पडताल जारी है। बकाया दावा सम्बन्धित बीमा को दायर कर दिया गया है।
7. एल.एस.पी. के अनुसार साफ्टवेयर द्वारा डेमरेज से आय की गणना रु.2,84,35,854/- की गई है।
8. बिक्री,खरीद,माल का स्टॉक ,अन्य आय (डेमरेज से आय, निगम का मार्जिन) का लेखा एकाउंटिंग सॉफ्टेवेयर जनित रिपोर्टस के आधार पर लेखा सॉफ्टवेयर (टैली) में किया जाता है। सॉफ्टवेयर व लेखों में जनित रिपोर्ट्स द्वारा सकल मार्जिन में राशि रु.2,37,924/- का (लेखों में कमी) अन्तर पाया गया है।
9. 01.04.2010 को तुलन पत्र के अनुसार स्टाक हस्ते की कीमत 31.03.10 साफ्टवेयर द्वारा प्रदर्शित स्टाक की कीमत से रु.9332/- अधिक है।वर्तमान वर्ष के लाभ हानि खातो में आवश्यक सुधार कर लिया गया है।
10. स्थगित राजस्व व्यय की भवन नवीनीकरण राशि रु.2,93,216/- को इस वर्ष में अपलिखित कर दिया गया है।
11. वर्ष 2010-11 में रु.29.00 करोड की प्रिविलेज फीस की राशि राजस्थान सरकार को चुकाई गई है। लाइसैंस फीस रु. 2,23,90,000/- जिसमें रु. 3,90,000/- प्रार्थना पत्र फीस भी सम्मिलित है, भी वर्ष 2010-11 में राजस्थान सरकार को चुकाए है।
12. वर्ष 2010-11 में डेमरेज चार्जेज की राशि रु. 16,08,392/- राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड सप्लायर्स पर लगाई गई है। परन्तु आपूर्तिकर्ता एक सरकारी कम्पनी होने के कारण निगम के संचालक मंडल ने इसे माफ किया गया है। तद्नुसार निगम की लेखा पुस्तको में बकाया लेखा प्रविष्टिया की गई।
13. रु.29,44,022.35 की सन्दिगध प्राप्तियो का प्रावधान निम्न प्रकार है:-
    (i) वर्ष 2006-07 की खुदरा विक्रेताओ से प्राप्तियां रु.5,02,471.32
    (ii) वर्ष 2007-08 की खुदरा विक्रेताओ से प्राप्तियां रु.4,87,340.70
    (iii) वर्ष 2009-10 का खुदरा विक्रेताओ का बकाया कम्पोजिशन टैक्स रु.7,73,108.75
    (iv) वर्ष 2007-08 के सप्लायर्स से डेमरेज व्यय रु.10,06,987.72
    (v) जब्त माल से डेमरेज चार्जेज रु.1,74,113.86
14. बोर्ड की राय में, चालू सम्पत्तियाँ, ऋण एवं अग्रिम का वसूली योग्य मूल्य, सामान्य व्यापार की स्थिति में कम से कम उस राशि के समान है, जिस पर यह दर्शाए गए हैं।
15. विविध देनदार, विविध लेनदार, ऋण एवं अग्रिम, बैंक शेष मिलान कराने व पुष्टि कराने के अधीन हैं।
16. कम्पनी का मुख्य (व्यवसाय) प्रभाग एकल अर्थात् मदिरा है। अतः इसके बारे में एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड - 17 के अनुसार सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है।

Scanned with CamScanner

17. दि. 31.3.2011 का स्टॉक हस्ते निगम के प्रबन्धन द्वारा प्रमाणित मूल्यानुसार लिया गया है। मूल्यांकन इन्सटीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स आफ इण्डिया (ICAI) द्वारा जारी (AS-2) के अनुसार किया गया है।

18. आर.एस.बी.सी.एल. तथा आर.एस.जी.एस.एम. ने दिनांक 22.06.10 को आबकारी विभाग राजस्थान सरकार में इन्टीग्रेटेड मैनेज्ड आई.टी. सेवा प्रदान करने हेतु मैसर्स ट्राईमैक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विसेज लिमिटेड से एक अनुबन्ध किया था। जिसकी लागत आर.एस.बी.सी.एल. तथा आर.एस.जी.एस.एम. द्वारा 80:20 के अनुपात में वहन की जानी थी । वित्तीय वर्ष 2010-11 के अन्त तक कार्य पूर्ण नही किया गया है। अभी तक का व्यय लेखा पुस्तको में निम्न प्रकार लेंखांकित किया गया है -

(i) लाभ हानि खातो में:- रु. 18,34,267/- (आई.टी.सर्विस पर कुल व्यय रु. 41,75,993/-) 5 माह के लिए आपरेटर, प्रोजेक्ट समन्वयक तथा फैसेलिटी प्रबन्धन सेवा प्रदान करने हेतु

(ii) तुलन पत्र में:- (अ) डाटा सेन्टर से सम्बन्धित कार्य जिसने दिनांक 17.08.10 से कार्य प्रारम्भ किया जिसका राशि रु. 41,12,513/- का व्यय (लागत का 80% हिस्सा निगम द्वारा वहन मय सर्विस टैक्स)

(ब) इन्टीग्रेटेड साफ्टवेयर की कीमत जो टी.एस.पी. द्वारा विकास की प्रक्रियाधीन है तथा 31.03.11 तक कार्य हेतु उपलब्ध नही है। रु. 41,03,160/- कैपिटल वर्क इन प्रोग्रेस के अर्न्तगत श्रेणीबद्ध किये गये है।

19. सम्बन्धित पक्षों के साथ सौदों का प्रकटीकरण इन्सटीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इण्डिया (ICAI) द्वारा जारी एकाउंटिग स्टैण्डर्ड - 18 के अनुसार,जैसा कि लेखांकन स्तर में परिभाषित है, नीचे दिए गए है ;

सम्बन्धित पक्षों की सूची व उनका सम्बन्ध, जिनके साथ व्यवहार किए गए हैं :-

क्र.सं.	सम्बन्धित पक्ष का नाम	सम्बन्ध
1.	श्री सी.के.मैथ्यू	अध्यक्ष
2.	श्री अजिताभ शर्मा	प्रबन्ध निदेशक
3.	श्री आर.के.गोयल	कार्यकारी निदेशक
4.	श्री श्रवण साहनी	कार्यकारी निदेशक

सम्बन्धित पक्षों के साथ वर्ष के दौरान किए गए व्यवहार :-

क्र.सं.	सम्बन्धित पक्ष का नाम	व्यवहार की प्रकृति	राशि 2010-11	राशि 2009-10
1.	श्री सी.के.मैथ्यू	मानदेय	18,000	18,000
2.	श्री अजिताभ शर्मा	यात्रा व्यय	1,52,181	2,61,981
3.	श्री आर. के. गोयल	पारिश्रमिक व यात्रा व्यय	7,33,641	11,70,313

20. निगम सम्बन्धित अथॉरिटी को फाइल किए गए ज्ञापन की प्रतियाँ प्राप्त करने की प्रक्रिया में लगा हुवा है जो MSMED ACT, 2006 के अंतर्गत अस्तित्व में हैं। निगम ने लिकर सोर्सिंग पालिसी के आधार पर आपूर्तिकर्ता को देय भुगतान आर.टी.जी.एस. के माध्यम से साप्ताहिक भुगतान करने की पद्धति का अनुसरण किया है। सामान्यतः भुगतान एक्ट की निर्धारित अवधि में किया गया है। अतः एक्ट के प्रावधानो का अनुसरण किया गया है।

Scanned with CamScanner

21. संचालको का पारिश्रमिकः

(अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक सहित)

	31.3.2011	31.3.2010
	रु.	रु.
वेतन व भत्ता	6,82,968	9,84,197
पेंशन फण्ड में अंशदान	68,673	1,93,000
यात्रा व्यय	1,52,181	2,73,097
	9,03,822	**14,50,294**

22. अंकेक्षकों को देय पारिश्रमिक :

वैधानिक अंकेक्षण फीस	99,270	82,725
टैक्स अंकेक्षण फीस	22,060	22,060
	1,21,330	**1,04,785**

23. लेखांकन स्टैण्डर्ड 22 आय पर करों का लेखाकन ·

लेखांकन स्टैण्डर्ड - 22 के आधार पर स्थगित कर-देयता/सम्पत्तियाँ निश्चित की गई हैं।

आई.सी.ए.आई द्वारा जारी आय पर करों का लेखांकन और उनका विवरण निम्न प्रकार है : -

(राशि रुपयों में)

विवरण	2010-11	2009-10
मूल्य ह्रास के कारण समयांतर के कारण उत्पन्न स्थगित कर-देयता :		
स्थगित कर देयता	**1,88,259**	**3,17,425**
घटाई -स्थगित कर आस्ति	**0**	**1,29,166**
जोडे-स्थगित कर देयता	**3,70,174**	**0**
शुद्ध स्थगित कर देयता	**5,58,433**	**1,88,259**

24. कम्पनीज एक्ट 1956 की अनुसूची VI के पार्ट -II की कार्यपालनानुसार अतिरिक्त सूचना :

एफ.एम.एफ.एल/आई.एम.एफ.एल व बीयर के क्रय, बिक्री व अंतिम स्टॉक के बारे में परिणामात्मक सूचना (प्रबन्धन द्वारा प्रमाणित व अंकेक्षकों की विश्वसनीयता के आधार पर):

मूल्य (रु.करोड़ में)

		मात्रा	31.3.2011	मात्रा	31.3.2010
विवरण		बोतलें	राशि	बोतलें	राशि
बिक्री	आई.एम.एफ.एल.	206873435	1169.80	314547954	1569.48
	बीयर	157261961	672.49		
क्रय	आई.एम.एफ.एल	205149805	1137.84	337125527	1677.50
	बीयर	155547712	652.36		
अंतिम स्टॉक	आई.एम.एफ.एल	11666275	84.32	22162110	132.69
	बीयर	6784381	28.95		

Scanned with CamScanner

25. नकद प्रवाह विवरण इन्सटीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट्स आफ इण्डिया के AS-3 (पुनरीक्षित) द्वारा निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि द्वारा तैयार किया गया है।

26. प्रति अंश मूल अर्जन की गणना शुद्ध लाभ/हानि को आलोच्य अवधि में समता अंशधारियों के बकाया समता अंशो के भारित औसत का भाग देकर की गई है। आलोच्य अवधि के समता अंशो का भारित औसत संख्या के बकाया को अंशो की घटना से समायोजित किया है।

27. विदेशी विनिमय में न तो कोई अर्जन हुआ है और न ही व्यय।

28. विविध देनदार अच्छे हैं और वसूली योग्य हैं। विविध देनदारों की बाकी, जो तुलन-पत्र की अनुसूची 'एफ' में दर्शाई गई हैं, वे शुद्ध रुप से रु. 3544386.14 की जमा शेष है।
छः माह से अधिक की विविध देनदारों की बकाया राशि रु.61.21 लाख की है।(गत वर्ष रु.47.70लाख)इनका वर्षवार विवरण निम्न प्रकार है : -

(राशि रुपयों में)

वित्त वर्ष	डेबिट शेष रु.	क्रेडिट शेष रु.	शुद्ध शेष रु.
2006-07	5,02,471.32	शून्य	5,02,471.32 डेबिट
2007-08	4,87,340.70	शून्य	4,87,340.70 डेबिट
2008-09	37,70,319.36	54,00,327.17	16,30,007.81 क्रेडिट
2009-10	13,61,354.55	1,31,20,637.65	1,17,59,283.10 क्रेडिट
2010-11	9,13,37,717.04	8,24,82,624.29	88,55,092.75 डेबिट
योग	97459202.97	101003589.11	35,44,386.14 क्रडिट

29. पूर्व अवधि के खर्चों/आय को पृथक शीर्षकों में लेखांकित किया गया है। महत्वपूर्ण मदों को, यदि कोई हों, तो उन्हें पृथक रुप से लेखा की टिप्पणियों में नोट द्वारा प्रकट किया गया है।

30. तुलन-पत्र बनाने के पश्चात की महत्वपूर्ण घटनाओं का भी ध्यान रखा गया है।

31. आँकड़ों को निकटतम रुपयों में पूर्णांकित किया गया है।

32. गत वर्ष के आँकड़ों को,जहाँ आवश्यक समझा गया, वहाँ पुनः वर्गीकृत/पुनः व्यवस्थित किया गया है ताकि उन्हें चालू वर्ष के आँकड़ो से तुलनायोग्य बनाया जा सके।

33. अनुसूचियाँ 'ए' से 'एल' लेखांकन नीतियाँ व लेखा पर टिप्पणियाँ खातों का पूरक भाग है।

निदेशक मण्डल की ओर से

समसंख्यक दिनांक के हमारे प्रतिवेदन के अनुसार
कृते धूत एण्ड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट्स

ह.
(दिक्षांत सोगानी)
साझीदार
सदस्य संख्या 400831

ह.
(सर्वेश तिवारी)
महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा)

ह.
(आर. के. सिंघल)
कम्पनी सचिव

ह.
(श्रवण साहनी)
कार्यकारी निदेशक

ह.
(दिनेश कुमार)
प्रबन्ध निदेशक

स्थान : जयपुर
दिनांक : 15.9.2011

Scanned with CamScanner

राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

तुलन पत्र सारांश एवं कम्पनी के सामान्य कारोबार की रूपरेखा
(कम्पनी अधिनियम 1956 अनुसूची VI के भाग I V के अनुसरण में)

(i)	पंजीयन का विवरण	17-020336	राज्य कोड	17
	पंजीयन संख्या	31.3.11		
	तुलन पत्र का दिनांक			
(ii)	वर्ष के दौरान पूँजी में वृद्धि (राशि हजार रुपयों में)			
	सार्वजनिक निर्गमन	शून्य	सीधा निर्गमन	शून्य
	बोनस निर्गमन	शून्य	निजी प्लेसमेंट	शून्य
(iii)	निधियों को जुटाने एवं लगाने की स्थिति (राशि हजार रुपयों में)			
	कुल देयतायें	65754.96	कुल सम्पत्तियाँ	65754.96
	निधियों के स्रोत			
	प्रदत्त पूँजी	20000.00	संचय एवं अधिशेष	45196.53
	सुरक्षित ऋण	शून्य	असुरक्षित ऋण	शून्य
			डी.टी.एल	558.43
	निधियों का प्रयोग			
	शुद्ध स्थिर आस्तियाँ	11359.21	निवेश	3
	शुद्ध चालू आस्तियाँ	54392.75	विविध व्यय	शून्य
	संचित हानियाँ	शून्य		
(iv)	कम्पनी का कार्य निष्पादन (राशि हजार रुपयों में)			
	बिक्री (अन्य आय सहित)	18532950.04	कुल व्यय	18478742.22
	कर से पूर्व लाभ	54207.82	कर के बाद लाभ/हानि	34642.34
	प्रति शेयर आय (रूपये में)	173.21 (51.48)	लाभांश दर प्रतिशत	10 (10)
(v)	कम्पनी के प्रमुख तीन उत्पाद/सेवाओं के नाम			
	मद कोड संख्या	शून्य		
	उत्पाद का विवरण	आई.एम.एफ.एल./बीयर		

समसंख्यक दिनांक के हमारे प्रतिवेदन के अनुसार
कृते धूत एण्ड एसोसियेट्स
चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट

निदेशक मण्डल की ओर से

ह.	ह.	ह.	ह.	ह.
(दिक्षांत सोगानी)	(सर्वेश तिवारी)	(आर. के. सिंघल)	(श्रवण साहनी)	(दिनेश कुमार)
साझीदार	महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा)	कम्पनी सचिव	कार्यकारी निदेशक	प्रबन्ध निदेशक
सदस्य संख्या 400831				

स्थान : जयपुर
दिनांक : 15.9.2011

Scanned with CamScanner

राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

नकद प्रवाह विवरण

(राशि लाखों में)

विवरण	2010-11		2009-10	
1. परिचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह				
करारोपण से पूर्व लाभ/हानि	542.07		172.12	
(अ) समायोजन के लिए				
ह्रास एवं विविध व्ययों का अपलेखन	31.64		22.58	
ब्याज से आय	(709.64)		-326.95	
पूर्व वर्ष की आय/व्यय	0.90		-11.45	
ब्याज व्यय	0.00		0.21	
स्थाई सम्पत्तियों के विक्रय पर लाभ	0.00		-	
(ब) कार्यशील पूंजी के परिवर्तन से पूर्व परिचालन लाभ		-135.03		-143.49
(स) कार्यशील पूंजी में परिवर्तन				
व्यापारिक प्राप्तियाँ	20.73		-3.56	
अन्य चालू आस्तियाँ	-23.85		-22.38	
स्टॉक	1941.66		-13,268.79	
अदत्त व्यय	0.0		-21.29	
व्यापारिक व अन्य देयताएँ	2338.71		18,856.42	
		4277.25		5540.40
(द)परिचालन से नकद उपार्जन		-4142.22		5,396.91
(ई)आयकर चुकाने व सीधे कर चुकाने हेतु समायोजन	-52.73		-73.00	
(एफ)परिचालन गतिविधियों से शुद्ध नकद प्रवाह		4089.49	-	5,323.91
(2) निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह				
स्थाई सम्पत्तियों का क्रय एवं केपीटल वर्क इन प्रोग्रेस	-94.81		-5.64	
ब्याज प्राप्ति	709.64		326.95	
स्थायी सम्पत्ति के विक्रय से प्राप्ति	0	614.83	0	321.31
(3) वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध नकद प्रवाह				
दीर्घकालिक उधार से शुद्ध प्राप्ति	0		0	
सरकार से शुद्ध प्राप्ति	0		0	
ब्याज/व्यय	0		-0.21	
सरकारी अनुदान/अनुदान प्राप्ति	0.00	0.00		-0.21
(4) नकद एवं नकद समतुल्य में शुद्ध परिवर्तन		4704.32		5,645.01
(5) वित्तीय वर्ष के आरम्भ में नकद एवं नकद समतुल्य		10736.94		5,091.93
(6) वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नकद एवं नकद समतुल्य		15441.26		10,736.94

समसंख्यक दिनांक के हमारे प्रतिवेदन के अनुसार
कृते धूत एण्ड एसोसियेट्स
चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट

निदेशक मण्डल की ओर से

ह.	ह.	ह.	ह.	ह.
(दिक्षांत सोगानी)	(सर्वेश तिवारी)	(आर. के. सिंघल)	(श्रवण साहनी)	(दिनेश कुमार)
साझीदार	महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा)	कम्पनी सचिव	कार्यकारी निदेशक	प्रबन्ध निदेशक

सदस्य संख्या 400831
स्थान : जयपुर
दिनांक : 15.9.2011

Scanned with CamScanner

लेखा -परीक्षक की रिपोर्ट का उत्तर

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	उत्तर
1. (अ) परिसम्पत्तियों पर ह्रास प्रभारित करने के अतिरिक्त कम्पनी ने स्थाई सम्पत्तियों की परिमाणात्मक विवरण व उनकी स्थितियों सहित रिकार्ड समुचित ढंग से रखा है।	नोट किया। ह्रास प्रभारित किया जा रहा है और अलग से समेकित आधार पर तैयार किया गया है और नियत दर पर उसके प्रभाव का हिसाब पुस्तकों में रखा जा रहा है। निगम में वित्तीय वर्ष 2010-11 से ह्रास प्रदर्शित करते हुए सम्पत्ति रजिस्टर बनाया है।
(ब) जैसा कि हमें सपष्ट किया गया है प्रबन्धन द्वारा स्थाई सम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन वर्ष में उचित समायान्तर पर किया जाता रहा है। प्रबन्धन के प्रमाणित किये जाने के अनुसार सत्यापन में कोई भी भौतिक अंतर दृष्टिगत नहीं हुआ है।	कोई टिप्पणी नहीं।
(स) इस वित्तीय वर्ष में कार्पोरेशन ने किसी भी स्थाई सम्पत्ति के किसी भी हिस्से का निपटारा नहीं किया है।	कोई टिप्पणी नहीं।
2. (अ) हमें दिये गए स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी के स्टॉक का प्रबन्धन द्वारा उचित अंतराल से भौतिक सत्यापन किया गया है।	कोई टिप्पणी नहीं।
(ब) जैसा कि हमें बताया गया है, प्रबन्धन द्वारा किया गया स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने का तरीका कम्पनी के आकार एवं इसके व्यापार की प्रकृति के अनुसार युक्तिसंगत एवं पर्याप्त है।	कोई टिप्पणी नहीं।
(स) जैसा कि हमें बताया गया है, कार्पोरेशन द्वारा सॉफ्टवेयर पर सारे माल का रिकार्ड रखा हुवा है। माल की सूची के भौतिक सत्यापन के समय कोई अंतर दृष्टिगत नहीं हुआ है।	कोई टिप्पणी नहीं।
3. (अ) कम्पनी ने किसी कम्पनी, फर्म या अन्य पार्टी को न तो कोई सुरक्षित या असुरक्षित ऋण दिया है और न ही लिया है जो कि कम्पनी एक्ट 1956 की धारा 301 के अंतर्गत बनाए गए रजिस्टर में आता हो।	कोई टिप्पणी नहीं।
(ब) चूँकि कम्पनी ने कम्पनी एक्ट 1956 की धारा 301 के अंतर्गत बनाये गए रजिस्टर में आने योग्य न तो कोई सुरक्षित या असुरक्षित ऋण किसी कम्पनी, फर्म या अन्य पार्टी को दिया है या लिया है, इसलिए बिन्दु संख्या (iii) (b) से (g) लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी नहीं।
4 हमारे विचार में और जो सूचना और स्पष्टीकरण हमें दिया गया है, के अनुसार कम्पनी द्वारा इसके आकार और इसके व्यापार की प्रकृति को देखते हुए कम्पनी द्वारा स्टॉक एवं स्थिर सम्पत्तियों की खरीद, बिक्री एवं माल और सेवाओं की बिक्री के लिए पर्याप्त आंतरिक व्यवस्था की गई है।	कोई टिप्पणी नहीं।
5. कम्पनीज एक्ट 1956 की धारा 301 के अंतर्गत आने वाला कोई अनुबन्ध या प्रबन्ध नहीं है। इस वास्तविकता को देखते हुए कि यहाँ कोई अनुबन्ध या प्रबन्ध नहीं है जिसकी कम्पनीज एक्ट की धारा 301 के अंतर्गत रजिस्टर में प्रविष्टि की जाय, कोई प्रविष्टि नहीं की जाती। अतः बिन्दु 5(बी) लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी नहीं।

Scanned with CamScanner

6.	चूँकि कम्पनी ने पब्लिक से कोई धन नहीं जुटाया है, इसलिए रिजर्व बैंक के दिशा निर्देश एवं धारा 58 A, 58 AA या कम्पनीज एक्ट के अन्य कोई सम्बन्धित प्रावधान और इस सम्बन्ध में बनाये गये नियम लागू नहीं होते।	कोई टिप्पणी नहीं।
7.	हमारे विचार में कम्पनी के आकार एवं व्यवसाय की प्रकृति के अनुरूप इसमें आंतरिक अंकेक्षण पद्धति लागू नहीं है।	सभी 39 उप डिपो व मुख्यालय पर आंतरिक अंकेक्षकों (चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट) द्वारा आंतरिक अंकेक्षण किया गया है। अतः आंतरिक अंकेक्षण पद्धति लागू है।
8.	केन्द्र सरकार के कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 209 (I) (d) के अनुसार लागत विवरण रखने के लिए इंगित नहीं किया गया है।	कोई टिप्पणी नहीं।
9.	(अ) दी गई सूचना और स्पष्टीकरण तथा लेखा किताबों के निरीक्षण से हमें ज्ञात हुवा है कि कम्पनी ने दूसरे राज्य सरकार के संगठनों के कार्मिक प्रतिनियुक्ति पर लिए गए हैं, जिनके सारे वैधानिक भुगतान जैसे भविष्य निधि और राज्य बीमा, उनके पैतृक संगठनों में जमा करा दिये गए हैं। कम्पनी सामान्यतः गैर-विवादित बकाया जैसे आय कर, बिक्री कर,सम्पदा कर, सीमा शुल्क, एक्साइज ड्यूटी, सैस, सर्विस टैक्स और अन्य वैद्यानिक बकाया समय पर सम्बन्धित सरकारी विभाग में नियमित जमा करवाती है। कोई भी उपरोक्त बकाया गैर-विवादित भुगतान 31 मार्च 2011 को बकाया नहीं था जो कि देय तिथि से 6 महीने पूर्व का हो।	कोई टिप्पणी नहीं।
(ब)	हमें प्राप्त सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार सिवाय आयुक्त, केन्द्रीय आबकारी विभाग, जयपुर-I के 'कारण बताओ नोटिस' के अंतर्गत फरवरी 2005 से अगस्त 2007 तक के विवादित सेवा कर के रू. 5, 21, 25, 843/- और वित्तीय वर्ष 2006 से 2010 तक एक्साइज डिपार्टमेंट, राजस्थान सरकार द्वारा परमिट फीस व वैन्ड फीस देरी से जमा कराने के कारण व्याज की राशि रू. 3,75,61,670/- की माँग के अतिरिक्त कोई भी बकाया बिक्री कर, आय कर, सीमा शुल्क, सम्पदा कर, एक्साइज ड्यूटी, सैस का कोई भी बकाया किसी विवाद के कारण देय नहीं है। आय कर विभाग ने प्रिविलेज फीस के खर्चों को अस्वीकृत मानते हुए करनिर्धारण वर्ष 2006-07 के रू. 5,33,41,990/- व वर्ष 2007-08 के रू. 6,70,20,550/- तथा वर्ष 2008-09 के रु. 9,19,86,159/- की माँग कर रखी है। कर-निर्धारण वर्ष 2006-07 में रिटर्न विलम्ब से भरने के कारण रू.1,00,000=00 की पेनल्टी भी लगा रखी है। निगम ने	आयुक्त सैन्ट्रल एक्साइज जयपुर की रु.5,21,25,843/- की मांग के विरुद्ध निगम ने सर्विस टैक्स ट्रिब्युनल,नई दिल्ली में अपील की और निगम के पक्ष में बिना शर्त स्टे प्राप्त किया। एक्साइज विभाग, राजस्थान सरकार की माँग को निरस्त करने हेतु वित्त विभाग राजस्थान सरकार को प्रतिवेदन दिया है। आयकर विभाग की मांग के विरुद्ध निगम ने आयकर अपील प्राधिकरण तथा आयुक्त आयकर विभाग(अपील) में अपील की थी। 2006-07 की अपील आई.टी.ए.टी. द्वारा तथा 2007-08 की अपील सी.आई.टी.(अपील) द्वारा निगम के पक्ष में स्वीकार की गई। आयकर विभाग द्वारा देरी से रिटर्न भरने की रु.1,00,000/- की पैनल्टी सी.आई.टी.(अपील) द्वारा माफ कर दी गयी।

Scanned with CamScanner

	कर-निर्धारण वर्ष 2006-07, 2007-08 व 2008-09की मांग के विरुद्ध रू. 1.00 करोड़ जमा करा दिए हैं। यह मामले अधिकृत प्राधिकारियों के समक्ष विचाराधीन है।	
10.	कम्पनी को 31 मार्च 2011 तक कोई संचित घाटा नहीं है। अंकेक्षित वित्तीय वर्ष की अवधि में कोई नकद हानि भी नहीं हुई है तथा ठीक पहले के वित्तीय वर्ष में नकद हानियाँ नही हुई है।	कोई टिप्पणी नहीं।
11.	कम्पनी वित्तीय संस्थाओं बैंक या ऋण-पत्र धारकों को पुनः भुगतान करने में कहीं भी दोषी नही है।	कोई टिप्पणी नहीं।
12.	कम्पनी ने शेयर, डिबैन्चर या अन्य प्रतिभूति गिरवी रख कर कोई भी ऋण या अग्रिम स्वीकृत नहीं किये हैं।	कोई टिप्पणी नहीं।
13.	कम्पनी कोई चिट फण्ड/निधि/म्यूचुअल बेनिफिट फण्ड/सोसायटी नहीं है। अतः कम्पनीज (आडिटर्स रिपोर्ट) आर्डर 2003 के क्लॉज 4 (xiii) के प्रावधान लागू नहीं होते।	कोई टिप्पणी नहीं।
14.	कम्पनी शेयर, प्रतिभूति, डिबैन्चर्स या अन्य निवेशों के क्रय विक्रय का धंधा या व्यापार नहीं करती है।	कोई टिप्पणी नहीं।
15.	कम्पनी ने दूसरों के द्वारा बैंकों या वित्तीय संस्थाओं से उठाए गए ऋण की कोई जमानत नहीं दी है।	कोई टिप्पणी नहीं।
16.	कम्पनी ने अंकेक्षण वर्ष में कोई भी सावधि ऋण नहीं लिया है।	कोई टिप्पणी नहीं।
17.	हमें प्राप्त सूचना एवं स्पष्टीकरण व कम्पनी के तुलन-पत्र की समग्र जाँच के अनुसार हमारा मत है कि लघु अवधि के लिए प्राप्त की गई राशि का लम्बे समय के लिए निवेश नहीं किया गया है।	कोई टिप्पणी नहीं।
18.	कम्पनी ने शेयरों का पार्टियों या कम्पनियों को कोई भी अधिमान्य आवंटन नहीं किया है जो कि कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 301 के अंतर्गत बनाये गए रजिस्टर में सम्मिलित हो।	कोई टिप्पणी नहीं।
19.	इस वर्ष में कम्पनी ने न तो कोई ऋण-पत्र निर्गमित किए हैं और न ही कोई शेष है। अतः कोई भी प्रतिभूति जारी करने या उस पर कोई व्यय करने का प्रश्न ही नहीं उठता।	कोई टिप्पणी नहीं।
20.	कम्पनी के द्वारा इस वर्ष किसी भी सार्वजनिक निर्गमन द्वारा पैसा इकट्ठा नहीं किया गया है।	कोई टिप्पणी नहीं।
21.	हमारी राय में और हमें दीगई जानकारी व स्पष्टीकरण के आधार पर लेख है कि अंकेक्षण वर्ष में कम्पनी की न तो कोई जालसाजी दृष्टिगत हुई है और न ही ऐसी कोई सूचना प्राप्त हुई।	कोई टिप्पणी नहीं।

लेखा -परीक्षक की रिपोर्ट का उत्तर

अनुलग्नक-बी

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	उत्तर
1. माइक्रो, स्माल व मीडियम एन्टरप्राइजेज डवलपमेंट एक्ट, 2006 में आने वाले एन्टाइटीज का विवरण उपलब्ध कराया जाना था परन्तु नहीं कराया गया। अतः माइक्रो, स्माल व मीडियम डवलपमेंट एक्ट 2006 और कम्पनीज एक्ट 1956 के प्रावधानों की अनुपालना नहीं हुई। फिर भी, यह रिकार्ड पर है कि निगम ने आपूर्तिकताओं का भुगतान लिकर सोर्सिंग पॉलिसी के अनुसार आर.टी.जी.एस. द्वारा सामान्यतः साप्ताहिक आधार पर करने का अनूठा तरीका अपना रखा है।	निगम सम्बन्धित पार्टियों से वांछित सूचनायें प्राप्त करने काअनुरोध करता रहा है। अभी तक किसी भी पार्टी ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के लिए दावा नहीं किया है। निगम लिकर सोर्सिंग पालिसी के अनुसार आपूर्तिकर्ता को साप्ताहिक आधार पर आर.टी.जी.एस. द्वारा भुगतान करने की पद्धति का अनुसरण कर रहा है। सामान्यतः भुगतान अधिनियम की सीमा में निश्चित व उचित समय पर हो जाता है। अतः अधिनियम के सिद्धान्त एवं शर्तों का पालन हो रहा है।
2. डेमरेज चार्जेज (रु. 2,84,35,854/-) से आय का परिकलन निगम के सॉफ्टवेयर द्वारा किया गया है। परन्तु अंकेक्षण के समय संगणन एवं परिकलन का रिकार्ड हमारी पुष्टि हेतु हमें उपलब्ध नहीं कराया गया। अतः परिकलन के अंतरों, यदि कोई हैं, का चालू वर्ष के लाभों पर परिणामी प्रभाव को निश्चित नहीं किया जा सकता।	आई.टी. टी.एस.पी. मैसर्स ई-कनेक्ट सोल्युशन प्रा.लि. उदयपुर द्वारा डेमरेज आंकलन मोड्युल व संबन्धित डाटा बेस उपलब्ध नही कराया है। अतः मौजूदा सेवा प्रदाता मैसर्स ट्राई मैक्स से प्राप्त किया तदपुरान्त वित्तिय वर्ष 2010-11 हेतु डेमरेज का आंकलन किया गया यह निगम के साफ्टवेयर पर आनलाईन उपलब्ध है। अंकेक्षण की अन्तिम स्थिति में एक सूक्ष्म विसंगति आंतरिक वस्तुओ् के अन्तर डिपो स्थानान्तरण गंतव्य डिपो पर पहचान की गई जो कि र ं ह करने की प्रक्रियाधीन है। अत: डेमरेज चार्जेज की गणना कम या अधिक सही है।
3. निगम के द्वारा प्रारभिक स्टाक व अंतिम स्टाक के स्वामित्व से संबन्धित क्रय के लेखांकन करने की लेखांकनविधि लिक्कर सोर्सिंग पालिसि 2010-11 के प्रावधानो के अनुरुप नही है जो कि निगम के क्रियाकलापों को परिभाषित व शासित करता है।	1.4.09 से शराब / बियर की बिक्री पर वैट लागु होने के पश्चात स्टाक,क्रय व विक्रय का लेखांकन वैट एक्ट के अनुसार करने का दायित्व निगम का बनता है। अतः वैट के प्रावधानो के अनुसार क्रेता द्वारा उठाये गये बिलो का इन्द्राज इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेने हेतु किया गया। 2009-10 में यही लेखांकन पद्धति अपनाई गई है। तथा 2010-11 में लेखांकन पद्धति में कोई परिवर्तन नहीं है।
4. लिकर सोर्सिंग पॉलिसी (LSP) ने वर्ष 2010-11 के लिए FMFL व IMFL/Beer के लिए स्थिर मार्जिन क्रमशः 7% व 2% वर्णित किया है, जिसके अनुसार सकल मार्जिन रु.36,29,24,590/- का होता है, परन्तु वर्ष 2010-11 के लाभ-हानी खाते में सकल मर्जिन रु. 36,26,86,666/- का ही दिखाया गया है। इस प्रकार चालू वर्ष 2010-11 का सकल मार्जिन व लाभ रु. 2,37,924/- से कम दिखाया गया है।	निगम रिकार्डस को मिलान करने की प्रक्रिया में कार्यरत है। उचित मिलान करने के पश्चात इसे चालू वर्ष के लेखों में लेखांकित किया जायगा।

Scanned with CamScanner

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के अनुसार 31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के राजस्थान स्टेट बेवरेज कार्पो. लि. जयपुर के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार की टिप्पणी

कम्पनी अधिनियम 1956 के अनुसार निर्धारित वित्तीय प्रतिवेदन रूपरेखा की अनुपालना में 31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के लिए राज. स्टेट ब्रेवरेज कार्पो. लि. जयपुर के वित्तीय विवरण तैयार करने का दायित्व कम्पनी के प्रबन्धक का है। कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (2) के अनुसार भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार द्वारा नियुक्त वैधानिक अंकेक्षक अपने व्यावसायिक इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट्स इण्डिया द्वारा निर्धारित अंकेक्षण एव मानकों के अनुसार कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 227 के अनुसार इन वित्तीय विवरणों पर अपने स्वतंत्र अंकेक्षण के आधार पर अपनी राय व्यक्त करने का दायित्व है। यह उनकी अंकेक्षण रिपोर्ट दिनांक 15-9-2011 द्वारा व्यक्त की जा चुकी है।

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(3) के अनुसार 31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के लिए राज. स्टेट ब्रेवरेज लि. जयपुर के वित्तीय विवरण के लिए मैंने भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार के प्रतिनिधि के रूप में अतिरिक्त अंकेक्षण किया है। यह अतिरिक्त अंकेक्षण स्वतंत्र रूप से बिना वैधानिक अंकेक्षक की प्रक्रिया अभिलेख के तथा वैधानिक अंकेक्षण के सीमित मुख्य अन्वेषण तथा कम्पनी कार्मिक तथा सीमित चयनित लेखा अभिलेखों के परीक्षण के आधार पर किया गया।

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के अनुसार मेरे अंकेक्षण के आधार पर मेरी जानकारी में वैधानिक अंकेक्षक की रिपोर्ट पर कुछ भी महत्वपूर्ण टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है।

भारतीय नियंत्रक एवं महालेखाकार
के लिए तथा प्रतिनिधि के रूप में

ह.
(एच. के. धर्मदर्शी)
महालेखाकार
(सी एण्ड और अंकेक्षण)
राजस्थान, जयपुर

स्थान : जयपुर
दिनांक : 1.11.2011

Scanned with CamScanner

RSBCL

राजस्थान स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
प्रथम मंजिल, डी ब्लॉक, वित्त भवन, जनपथ, जयपुर
फोनः 0141-2744233/34 फैक्सः 0141-2744237

Rajasthan State Beverages Corporation Limited
(A Government of Rajasthan Undertaking)
1st Floor, D Block, Vitta Bhawan, Janpath, Jaipur
Phone : 0141-2744233/34, Fax : 0141-2744237
Website : www.rsbcl.net

Scanned with CamScanner